ट्रक ने बाइक सवारों को कुचला, दो भाइयों की मौत

शहर से लगे सगरा थाना के पास की घटना

नवभारत न्यूज

रीवा, 15 मई, रीवा में बीती रात एक भीषण सड़क हादसे में रिश्ते के भाइयो की दर्दनाक मौत हो गई. यहां तेज रफ्तार ट्रक नें बाइक सवार युवकों को टक्कर मारते हुये कुचल दिया. अचानक हुये हादसे के दौरान ट्रक की चपेट में आने से युवकों की मौके पर ही मौत हो गई.

हादसा रात करीब 9 बजे शहर से सटे सगरा थाने से कुछ ही दूरी पर हुआ है. पुलिस नें रात में ही म्रतकों के शवों को अस्पताल पहुंचाया जहां आज सुबह पंचनामा कार्यवाही कर शवों का

पोस्टमार्टम कराया जा रहा है. बताया जा रहा है कि हादसे में म्रत हुये दोनों युवक रिश्ते के भाई थे, जो एक साथ बाइक में सवार होकर अपने गांव जा रहे थे. घटना के संबंध में म्रतक के परिजन राजेश साकेत नें जानकारी देते हुये बताया कि रात साढे 9 बजे एक्सीडेंट की सूचना मिली थी. मौके पर पहुंचने पाया गया कि आकाश और पंकज जो रिश्ते के भाई थे उनकी मौत हो गई थी. परिजनों के मुताबिक दोनों भाई रीवा में ही रहते थे जो बीती रात अपने गांव करौंधहा जा रहे थे तभी सगरा के समीप एक तेज रफ्तार ट्रक नें बाइक को टक्कर मार दी और बाइक सवार दोनों युवकों की मौत हो गई.

कार चालक ने मारी टक्कर, दो घायल

रीवा-सीधी नेशनल हाईवे 39 में गुढ के समीप इनोवा वाहन चालक ने दो वाहनों को जोरदार टक्कर मार दी जिससे दो लोग घायल हो गए. घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने वाहन को जप्त कर आगे की कार्यवाही कर रही है. कार चालक बदवार में पटेल ढाबा के पास पहुंचा तो उसने सड़क के किनारे खड़ी कार को टक्कर मारी जिससे कार सड़क से सीधे खेत में जा पहुंची. वही 50 मीटर की दूरी पर एक पिकअप वाहन चालक गाड़ी बनवा रहा था जिसमें मैकेनिक गाड़ी के नीचे घुस कर गाड़ी ठीक कर था. इनोवा वाहन चालक ने उसमें भी टक्कर मार दी. टक्कर लगने से पिकअप वाहन सड़क किनारे हाईवा से भीड़ गई और पिकअप ठीक कर रहे मैकेनिक को गंभीर चोटे आई है.

सेप्टिक टैंक में मिला लापता बालक का शव

शासकीय मेडिकल कॉलेज परिसर की घटना

नवभारत न्यूज

सतना 15 मई. शासकीय मेडिकल कॉलेज के निर्माणाधीन भवन में कार्य करने वाले एक मजदूर का 5 वर्षीय बेटा गुरुवार को अचानक लापता हो गया था. पुलिस और परिजनों द्वारा जारी खोजबीन के दौरान बालक का शव मेडिकल कॉलेज परिसर में स्थित सेप्टिक टैंक में उतराता नजर आया. पुलिस द्वारा प्रकण दर्ज कर विवेचना की जा रही है.

प्राप्त जानकारी के अनुसार शासकीय मेडिकल कॉलेज परिसर में एक नए भवन का निर्माण कार्य जारी है. जिसके संविदाकार गुलाब सिंह द्वारा बाहर से भी कुछ मजदूरों को बुलाकर कार्य में लगाया गया है, जो कार्य करने के साथा ही परिसर में ही रहते हैं. इसी कड़ी में सुहाना थाना राजगढ़ जिला धार निवासी टेटिया डामोर भी अपने परिवार के साथ वहां पर मजदूरी कर रहा था. बताया गया कि टेटिया का 5 वर्षीय बालक आयुष गुरुवार को अपने बड़े भाई 7 वर्षीय संदीप के साथ खेल रहा था. लेकिन शाम को वह अचानक लापता हो गया. जिसे देखते हुए परिजनों द्वारा

उसकी तलाश शुरु की गई. मामले की गंभीरता को देखते हुए परिसर में मौजूद सभी मजदूर भी लापता बालक की तलाश करने लगे. लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला. जिसके चलते गुरुवार की देर रात कोलगवां थाने में बालक की गुमशुदगी की शिकायत की गई. इसी कड़ी में शुक्रवार को पुलिस मौके पर पहुंची और खोजबीन शुरु की.

पुलिस और परिजनों द्वारा की जा रही तलाश के दौरान जब परिसर में मौजूद एक सेप्टिक टैंक में नजर पड़ी तो बालक का शव उतराता नजर आया. यह देखते ही परिजनों के बीच कोहराम मच गया. पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया गया.

टैंक में की गई थी तलाश

मेडिकल कॉलेज परिसर में कार्यरत मजदूरा ने बताया कि निर्माणाधीन भवन का यह सेप्टिक टैंक लगभग 8 फीट गहरा है. टैंक को सीमेंट की शीट के जरिए ढंका गया था. मजदूरों के अनुसार गुरुवार की रात बालक की तलाश के दौरान उक्त सेप्टिक टैंक में भी देखा गया था. लेकिन उस दौरान कुछ भी नजर नहीं आया. लिहाजा इस बात की संभावना जताई गई कि खेलने के दौराल बालक का पैर सेप्टिक टैंक की शीट के ऊपर पड़ गया होगा. शीट टूटने के कारण बालक टैंक में गिर गया हो गया. गिरने के कुछ समय बाद तक शव नीचे दबा रहा होगा. वहीं अगले दिन फूलने पर वह सतह पर नजर आने लगा होगा.

बीहर नदी पुल : हटा जैक बिगड़ा एलाइनमेंट

यातायात बहाल होते ही आया क्रेक, बंद किया गया अनिश्चितक़ालीन के लिए

नवभारत न्यूज

रीवा, 15 मई. शहर के बाईपास मार्ग स्थित बीहर नदी पुल की मरम्मत का कार्य अब एक बड़ी मुसीबत बनता जा रहा है। तकनीकी बाधाओं ने प्रशासन के उन दावों की पोल खोल दी है, ताजा स्थिति यह है कि पुल की मरम्मत के बजाय अब इसके अस्तित्व पर ही संकट मंडराने लगा है।

दिल्ली की विशेषज्ञ कंपनी डीजीसी इंफ्रा के इंजीनियरों को काम के दौरान बड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। मिली जानकारी के अनुसार जैक हटाने के बाद पुल का एलाइनमेंट प्रभावित हो गया। जिसकी मरम्मत का कार्य तेज़ी से चल रहा है विशेषज्ञों का मानना है कि पुल की स्थिति इतनी जर्जर हो चुकी है कि मरम्मत केवल एक कामचलाऊ व्यवस्था हो सकती है। ना की स्थानीय, कंपनी ने पहले ही सुझाव दिया था कि इसे तोड़कर नया पुल बना दिया जाए लेकिन

अंतिम फैसला जिला प्रशासन और विभाग को लेना था जो फिलहाल केवल पैचवर्क और मरम्मत तक सीमित हो गया बीहर नदी के ऊपर बनी पुल पिलरों के बीच बढता अंतराल और बेयरिंग की खराबी गंभीर चिंता का विषय बन गई है वही हालात यह कि गर्डर में दरारें और पेयर कैप का क्षतिग्रस्त होना किसी बड़े हादसे का संकेत दे रहा है।

महीनों से भारी वाहनों के प्रवेश पर लगी रोक के कारण रीवा शहर की यातायात व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। बाईपास बंद होने से भारी ट्रक और बसें शहर के मुख्य मार्गों से गुजर रही हैं, जिससे दिन भर जाम की स्थिति बनी रहती है। सड़कों पर दुर्घटना का खतरा बड़ गया है।

जिम्मेदारी से बच रहे अधिकारी

हैरानी की बात यह है कि इतना संवेदनशील मामला होने के बावजूद जम्मिदार अधिकारी सही जानकारी नही दे पा रहे कई अधिकारियों ने तो यहाँ तक कहा की मेरा नाम ना उपयोग करियेगा न तो नई डेडलाइन जारी की गई है और न ही वैकल्पिक मार्ग को लेकर कोई ठोस योजना बनाई गई जिसके कारण आने जाने वाले वाहनो को काफ़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है

प्रबंधन ने मासूम की मौत से पल्ला झाड़ा

नवभारत न्यूज

सतना , 15 मई. शासकीय मेडिकल कॉलेज सतना में एक मासूम बच्ची की टैंक में गिरने से हुई मौत के बाद अब जिम्मेदारी को लेकर सवाल खड़े होने लगे हैं.

घटना के बाद मेडिकल कॉलेज प्रबंधन ने खुद को मामले से अलग बताते हुए कहा है कि हादसा मेडिकल कॉलेज भवन के बाहर हुआ है. निर्माण की खामियों से जूझ रहे मेडिकल कॉलेज भवन के अंदर घटी घटना ने एक बार फिर सुरक्षा प्रबंधों को कटघरे पर ला कर खड़ा कर दिया है.

मेडिकल कॉलेज प्रबंधन से बात की गई तो उनकी ओर से कहा गया कि जिस स्थान पर हादसा हुआ वह मेडिकल कॉलेज की मुख्य बिल्डिंग के बाहर का क्षेत्र है. इस संदर्भ में मेडिकल कॉलेज प्रबंधन से जुड़े (ओम प्रकाश मिश्रा) ने पूछने पर बताया कि यह घटना कॉलेज भवन के बाहर की है इस घटना से संबंधित क्षेत्र महाविद्यालय भवन के दायरे में नहीं आता.

हाइवे में लूट करने वाले पांच आरोपी गिरफ्तार

▶ आरोपियों के कब्जे से सामान जप्त

नवभारत न्यूज

रीवा, 15 मई, रीवा मनगवां हाईवे पर लूट की वारदातों को अंजाम देने वाले गिरोह का मंनगवा पुलिस ने पर्दाफाश किया है. वारदात को अंजाम देने वाले पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है जिनके कब्जे से तकरीबन 3 तीन लाख रुपए का मसरूका जप्त किया गया है.

पकड़े गए बदमाशों से पूछताछ के दौरान कई चौंकाने वाले खुला से हुए हैं. कार्यवाही के संबंध में जानकारी देते हुए मनगवां थाना प्रभारी पुष्पेंद्र मिश्रा ने बताया कि फरियादि पुष्पेंद्र पटेल ने दिनांक 5 मई को थाना मनगवा में सूचना दी कि अपने दोस्त के साथ दिनांक 4 मई को ग्राम पिपरा थाना नईगढ़ी में तिलक का कार्यक्रम में वीडियो रिकार्डिंग करने गया था. जहा से रात्रि करीबन 1.30 बजे घर वापस आते समय ग्राम अधीहा पुल के पास तीन अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा उनकी मोटर साइकिल और एक मोबाइल वा दो कैमारे छीन लिए गए थे. मामले को गंभीरता से लेते हुए संदेह के आधार पर पूछताछ के लिए अवनीस केवट उम्र 19 वर्ष निवासी मालबांस थाना गढ, योगेन्द्र रजक उम्र 20 वर्ष निवासी रौरा कोठार थाना गढ सहित तीन विधि विरुद्ध बालको को पकड़ा. इस दौरान आरोपियों द्वारा अपना जुर्म कबूल कर लिया पुलिस ने लूट का पूरा मसरूका उनके कब्जे से जप्त किया गया है जिसके बाद सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया.

शंकर मंदिर में चोरों का धावा

सिंगरौली 15 मई। कोतवाली बैढ़न के समीपी पुरानी अस्पताल के समीप बने शंकर जी के मंदिर में अज्ञात चोरों ने घंडी घंट, पीतल का खण्ड ज्योति उठा ले गये। मंदिर के पुजारी त्रिभुवन त्रिपाठी निवासी बैढ़न ने इसकी सूचना कोतवाली बैढ़न में देते हुये बताया कि बीते दिन 14 मई को 11 बजे दिन पूजा-पाठ कर ताला बंद करते हुये अपने घर चला गया था। शाम 6 बजे अपने भांजे कल्याण पाण्डेय को पूजा करने के लिए भेजा तो, इस दौरान भांजे ने बताया कि मंदिर का ताला टूटा हुआ है।

महिलाओं के लिए राजनीति करना चुनौतीपूर्ण : प्राची

महिला कांग्रेस की जिला प्रभारी ने ली महिलाओं की बैठक

नवभारत न्यूज

सतना, 15 मई. महिला कांग्रेस प्रभारी प्राची शुक्ला ने कहा की महिलाओं के लिए राजनीति करना बहुत कठिन और चुनौतीपूर्ण कार्य है.

शुक्रवार को वह स्थानीय जयस्तंभ चौक स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय मे महिला कांग्रेस की आवश्यक बैठक को संबोधित कर रही थी.उन्होंने सभी नवनियुक्त प्रदेश महिला कांग्रेस की पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि पहले महिलाओं को अपना परिवार देखना होता है उसके साथ-साथ ही राजनैतिक कार्य करने होते है. महिला काँग्रेस प्रभारी ने महिला कांग्रेस के पदाधिकारियों को

प्रोत्साहित करते हुए कहा की हमारी महिला कांग्रेस पार्टी का अभिन्न अंग है महिला कांग्रेस के हर कार्यक्रम मे हर आंदोलन मे हर चुनाव मे कदम से कदम मिला कर पार्टी के लिए काम करती है. बैठक में उपस्थित जिला कांग्रेस के अध्यक्ष विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा ने कहा की हमारे देश मे लगभग 50 प्रतिशत आबादी महिलाओं की है, आजादी से लेकर आज तक कांग्रेस पार्टी हमेशा महिलाओं के सम्मान और उनके अधिकारों के लिए काम करती आयी है जिसके फलस्वरुप आज हमारे देश की महिलाएं हर क्षेत्र मे आगे है. जिला शहर अध्यक्ष आरिफ इकबाल सिद्दीकी ने कहा शहर के सभी वार्डों मे महिला कांग्रेस वार्ड कमेटी बनाई जाये जिसमे की हर वार्ड से लगभग 10 महिलाएं होनी चाहिए. बैठक की अध्यक्षता महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष डॉली चौरसिया ने भी बैठक में अपनी बात रखी.

जिला स्तरीय वनाधिकार समिति का पुनर्गठन

सतना 15 मई. जिला स्तरीय वनाधिकार समिति की बैठक में लिये गये निर्णय अनुसार जिला मैहर पृथक होने से एवं पूर्व गठित जिला स्तरीय वनाधिकारी समिति के सदस्यों के मैहर जिले से संबंधित होने के कारण नई समिति का गठन किया गया है। कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस द्वारा जारी आदेशानुसार नई गठित समिति में कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस को अध्यक्ष बनाया गया है। इसी प्रकार वन मंडलाधिकारी मयंक चांदीवाल को सदस्य तथा डॉ. अरुण कुमार शुक्ला को सचिव नियुक्त किया गया है। समिति में जिला पंचायत सदस्यों के रूप में श्रीमती विमला कोल, श्रीमती लक्ष्मी देवी भवासी एवं सुभाष चंद्र बुनकर को सदस्य बनाया गया है।

टक्कर मारने के बाद महिला को घसीटता रहा ट्रक

समय पर नहीं पहुंची पुलिस, तड़पती रही महिला

नवभारत न्यूज

रीवा, 15 मई, मऊगंज जिले के जमुहरा गांव के पास एक मां ने अपने दो साल के मासूम को मौत के मुंह से बचाने के लिए अपनी जिंदगी कुर्बान कर दी, लेकिन अफसोस जिस पुलिस को जनता का रक्षक कहा जाता है, वह डेढ़ घंटे तक तमाशबीन बनी रही.

हादसा इतना खौफनाक था कि ओवरलोड डस्ट से लोड हाइवा ने किरण कोल नाम की महिला को करीब 100 मीटर तक घसीटता रहा. लोग चिल्लाते रहे, गुहार लगाते रहे, लेकिन बेखौफ ड्राइवर ट्रक नहीं रोक रहा था.जब ग्रामीणों ने पत्थर मारकर कांच तोड़ा, तब जाकर मौत की ये रफ्तार रुकी. चश्मदीदों का कहना है कि किरण कोल सड़क पर तड़पती रही, सांसें चल रही थीं, लेकिन मऊगंज पुलिस को 10 किलो मीटर घटनास्थल तक पहुंचने में पूरे 90 मिनट लग गए. परिजनों का आरोप है कि किरण की मौत सड़क हादसे से ज्यादा पुलिस की लापरवाही से हुई है. अगर एंबुलेंस और पुलिस समय पर आ जाती, तो शायद एक मासूम के सिर से मां का साया नहीं उठता. मां ने बच्चे की जान तो बचा ली लेकिन मां इस दुनिया में नही रही. घायल मासूम को उपचार के लिये संजय गांधी अस्पताल रेफर किया गया है.

पिता ने पुत्र पर कुल्हाड़ी से किया हमला

बहुओं के साथ भी किया मारपीट, अपराध पंजीबद्ध

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 15 मई। कोतवाली क्षेत्र बैढ़न के समीपी बिलौंजी में एक पिता ने अपने पुत्र व बहूओं के साथ जमकर मारपीट किया है। मामला एसपी ऑफिस तक पहुंचा, तब कोतवाली पुलिस उभयपक्षों पर अपराध पंजीबद्ध की है।

पीड़ित एवं लहुलुहान फरियादी मुन्ना साहू ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि बीते दिन 14 मई को मेरे पिता उमाशंकर शाह किसी महिला से बात कर रहे थे, मेरी माँ ने कहा कि घर में सामान नही लाते हो और पैसा क्या करते हो, इसी बात को लेकर मेरे पिता, माँ को मारने दौड़े, तो वह कमरे में भाग कर दरवाजा बंद कर ली। मेरी पत्नी एवं भयाहू, माँ को बचाने दौड़ी तो उन्हे भी डंडे से पैर में एवं पेट में लात मार दिये। इसके बाद घर के चाचा, दादा बीच बचाव कर मामले को शांत कराया। आज शुक्रवार की सुबह करीब 8 बजे अपने ऑफिस गया था 10:30 बजे न्यायालय से वापस घर आया तो, जैसे ही अपने घर के सामने पहुंच, तभी मेरे पिता खड़े थे और दरवाजे के पीछे कुल्हाड़ी छुपाऐ हुये थे। अचानक मेरे सिर व पैर के घुटने में कुल्हाड़ी से हमला कर लहुलुहान करते हुये जान से मारने की धमकी देते हुये चले गये। वहीं उमाशंकर ने रिपोर्ट किया है कि मेरे पुत्र मुन्ना साहू पेशेवर अधिवक्ता है। बीते दिन कल फोन पर मैं किसी से बात कर रहा था, शक जाहिर करते हुये विवाद कर मारपीट की है। कोताली पुलिस ने उभयपक्षों पर अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं इस मामले में मुन्ना साहू को गंभीर चोटे आई हैं।

वन्य प्राणियों को गर्मी से बचाव के लिए की गई व्यवस्थाएं

नवभारत न्यूज

रीवा, 15 मई, जिले में भीषण गर्मी पड़ रही है जिससे जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित है. तापमान 43 डिग्री तक पहुंच चुका है. वन्य प्राणी भी गर्मी से बेहाल है, जिन्हे राहत देने के लिये टाइगर सफारी में व्यवस्था की गई है.

महाराजा मार्तण्ड सिंह जूदेव व्हाइट टाइगर सफारी एण्ड जू मुकुन्दपुर में वर्तमान समय में 31 प्रजातियों के 220 वन्यप्राणी हैं. वन्यप्राणियों को गर्मी से बचाव के लिए जू में व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं. संचालक से प्राप्त जानकारी के अनुसार मांसाहारी वन्यप्राणियों के बाड़ो में रेनगन एवं

शाकाहारी वन्यप्राणियों के बाड़ो स्प्रिंकलर सिस्टम लगाया गया है. वन्यप्राणियों के बाड़ो में अस्थाई झोपड़ी (घोपा) बनाया गया है जिससे वन्यजीवों को ठण्डक एवं छाया उपलब्ध हो सके. वन्यप्राणियों के बाड़ो में बने क्राल एवं सॉसर में ग्रीन नेट लगाकर छाया की व्यवस्था की गई है तथा वॉक इन एवियरी एवं रेप्टाइल हाउस में फागर सिस्टम लगाया गया है जिससे वन्यजीवों को शीतलता उपलब्ध हो सके. इसके अतिरिक्त शाकाहारी वन्यजीवों को हरी सब्जियां एवं फल प्रदाय किया जा रहा है.

सत्यमेव जयते

भारत सरकार

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय

दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग

5वीं मंजिल, पं. दीनदयाल अंत्योदय भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003

****

वर्ष 2026 के लिए दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए राष्ट्रीय पुरस्कारों के लिए 'ऑनलाइन' माध्यम से आवेदन आमंत्रित करना

वर्ष 2026 के लिए दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण हेतु राष्ट्रीय पुरस्कारों के लिए आवेदन/नामांकन प्राप्त करने के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल 15 मई, 2026 से 31 जुलाई, 2026 तक खुला रहेगा। इसका विवरण निम्नानुसार है:

i. आवेदन/नामांकन राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल (**www.awards.gov.in**) पर किए जायेंगे।

ii. वर्ष 2026 के राष्ट्रीय पुरस्कारों के लिए 31 जुलाई, 2026 तक प्राप्त आवेदन/नामांकन पर ही विचार किया जाएगा।

iii. वर्ष 2026 के लिए आवेदन केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल (**www.awards.gov.in**) पर ऑनलाइन जमा किया जाना है। नामांकन में उपरोक्त पोर्टल पर उपलब्ध प्रारूप में निर्दिष्ट सभी प्रासंगिक विवरण शामिल होने चाहिए, जिसमें उल्लेखनीय और प्रेरक उपलब्धियों को स्पष्ट रूप से शामिल किया जाना चाहिए तथा उपलब्धियों से संबंधित सहायक दस्तावेज भी अपलोड करना चाहिए। व्यक्तिगत उत्कृष्टता के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार के अंतर्गत उप-श्रेणियों - सर्वश्रेष्ठ दिव्यांगजन, श्रेष्ठ दिव्यांगजन और श्रेष्ठ सृजनशील दिव्यांग बाल/बालिका के लिए, यूडीआईडी कार्ड/दिव्यांगता प्रमाण पत्र अपलोड करना अनिवार्य है।

iv. **भौतिक रूप से या किसी अन्य रूप से प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।**

v. पात्रता मानदंड और अन्य विवरणों के लिए विभाग की वेबसाइट (**www.depwd.gov.in**) पर उपलब्ध "दिव्यांग व्यक्तियों के सशक्तिकरण के लिए राष्ट्रीय पुरस्कारों के लिए दिशानिर्देश" तथा राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल (www.awards.gov.in) पर भी देखे जा सकते हैं।

अवर सचिव, भारत सरकार

दूरभाष : 011-24369057

CBC 38117/11/0001/2627

8 घंटे चला चक्काजाम, 6 .50 लाख रुपए सहायता राशि

महान एनर्जेन के बस चालक ने बाइक सवार श्रमिकों को मारी थी टक्कर, विधायक ने बंधाया ढांढस, अत्योष्टि में हुए शामिल

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 15 मई। महान एनर्जेन पावर के बस चालक ने मोटरसाइकिल सवार दो भाइयों को खुटार बाजार में टक्कर मार दिया था, जहां मोटरसाइकिल सवार एक श्रमिक की मौत हो गई थी, जबकि उसका दूसरा भाई घायल हो गया है। जिसका इलाज जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर बैढ़न में चल रहा है।

ग्रामीण एवं मृतक के परिजन शव को सड़क पर रख कर शुक्रवार की आधी रात तक चक्का जाम करते हैं। अंततः साढ़े 6 लाख रूपये

आश्रितो को देने का ऐलान तहसीलदार प्रीति सिकरवार के मौजूदगी में किया गया। गौरतलब है कि महान पावर एनर्जेन बस चालक की लापरवाही से खुटार बाजार में बाइक सवार को रौंद दिया था। बाइक में दो सगे भाई बैढ़न से काम कर वापस अपने घर गहिलरा जा रहे थे कि खुटार बाजार में सड़क हादसे में राजू खैरवार की घटनास्थल पर मौत हो गई। जबकि उसका दूसरा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया है। जिसका जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर बैढ़न में चल रहा है। घटना के बाद मृतक के परिजन व ग्रामीणजन शव को सड़क पर रखकर चक्का जाम शुरू कर दिया। रात करीब 1 बजे तक चक्का जाम चलता रहा। अंततः मृतक के आश्रितो को संबल योजना सहित साढ़े 6 लाख रूपये देने का ऐलान हुआ। इसके अलावा कंपनी में मृतक के आश्रित को नौकरी देने का आश्वासन दिया गया, तब कहीं जाकर मामला शांत हुआ। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही देवसर विधायक राजेन्द्र मेश्राम मृतक के घर पहुंच नम आंखों से भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया और घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया। यहां बताते चले कि महान पावर एनर्जेन के सिफ्ट बस चालक के द्वारा यह दूसरी बार घटना को अंजाम दिया गया है, इसके दो महीने पहले तेलाई पर चार मवेशियों एवं एक राहगीर मिस्त्री को कुचल दिया गया था, जहां सभी की मौत हो गई थी। इस घटना पर भी काफी बवाल हुआ था, फिर भी उक्त कंपनी के सिफ्ट बस चालक लापरवाही पूर्वक बस का परिचालन कर रहे हैं।

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा प्लाट नं.34, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित . संपादक- संजय पयासी* फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99